समाचार

# झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर निगम कार्यालय साकेत में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## (महापौर ने छत्तीसगढ़ राज्य को पुनःशांति का टापू बनाने का संकल्प दिलाया)



कोरबा 25 मई 2020 –झीरम श्रद्धांजलि दिवस के अवसर पर आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में 25 मई 2013 को नक्सल हिंसा में शहीद हुए वरिष्ठ नेताओं, सुरक्षा बलों के जवानों व नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य भाई–बहनों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने छत्तीसगढ़ राज्य को पुनःशांति का टापू बनाने हेतु संकल्प दिलाया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, पाली तानाखार विधायक श्री मोहित राम केरकट्टा, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री राहुल देव, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण संतोष राठौर, सपना चौहान, सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू, पार्षद एवं कांग्रेस प्रदेश प्रबंध कार्यकारणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पार्षद धरम निर्मले, अपर आयुक्त अशोक शर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने दो मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

25 मई 2013 को नक्सल हिंसा में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता पं.विद्याचरण शुक्ला, नंदकुमार पटेल, महेन्द्र कर्मा सहित प्रदेश के कई नेता व सुरक्षा बल के जवान शहीद हुए थे, राज्य शासन द्वारा 25 मई को झीरमघाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बल के जवान एवं विगत वर्षो में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य भाई–बहनों की स्मृति में 25 मई को प्रतिवर्ष झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में झीरम श्रद्धांजलि दिवस मनाया गया, इस मौके पर दो मिनट का मौनधारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर. मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, आर.के.चौबे, आर.के.भोजासिया, एम.एन.सरकार, भूषण उरांव, उपायुक्त बी. पी.त्रिवेदी, पूर्व पार्षद मनकराम साहू, कुसुम द्विवेदी, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, निगम सचिव पवन वर्मा, राकेश मसीह, आनंद गुप्ता, नासिर सईद, सुनील टांडे, कपिल श्रीवास्तव, सरस देवांगन, उत्तम

साहू, कृष्णा महंत, रामखिलावन साहू आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।